महापौर परिषद के सदस्यो ने किया पदभार ग्रहण, विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल रहे मौजूद

भिलाईनगर/ महापौर परिषद् के सदस्यों ने आज अपने विभाग के कार्यो की जिम्मेदारी सम्भालने के लिये पदभार ग्रहण किये। विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल तथा सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभी मेयर इन काउंसिल के सदस्यों को उनके कक्ष में जाकर उन्हें कुर्सी पर बिठाकर पदभार ग्रहण करवाया और सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, विशेष रूप से मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के मौके पर मुकेश चंद्राकर भी मौजूद रहे। विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने पदभार ग्रहण कराने के पूर्व अपने महापौर के कार्यकाल के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। महापौर ने सभी एमआईसी सदस्यों के साथ बैठक कर शहर के विकास में सभी को एकजुट होकर कार्य करने चर्चा की। महापौर ने सभी से कहा कि वर्तमान परिस्थिति में कोरोना से लड़ाई प्राथमिकता क्रम पर है। इसके साथ ही सभी सदस्यों को भिलाई शहर के विकास के लिये मिले जिम्मेदारियों से अवगत कराया। मेयर इन कांउसिल के सभी 14 सदस्यों ने आज अपनी कुर्सी सम्भाली।आज सभी 14 एमआईसी मेंबर ने पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने 13 जनवरी को महापौर परिषद का गठन किया है। जिसमें वित्त , लेखा एवं अंकेक्षण - मन्नान गफ्फार खान , सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य विभाग - संदीप निरंकारी, नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग - साकेत चंद्राकर , लोक कर्म विभाग - एकांश बंछोर , जल-कार्य विभाग - केशव चौबे , राजस्व विभाग - सीजू एंथोनी , खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग - लक्ष्मीपति राजू , अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग - लालचंद वर्मा, गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग - चंद्रशेखर गवई , महिला एवं बाल विकास विभाग - मीरा बंजारे , अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति कल्याण विभाग - मालती ठाकुर, शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग - आदित्य सिंह , पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग - नेहा साहू , संस्कृति पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग - रीता सिंह गेरा को विभागों की जिम्मेदारी मिली है। इन सभी ने आज से अपना कार्य भार संभालना प्रारंभ कर दिया है। महापौर नीरज पाल के निर्देश के बाद एमआईसी की बैठक के लिये कक्ष क्रमांक - 26 को एमआईसी की बैठक के लिये तैयार कर लिया गया है। महापौर परिषद की बैठक पहले महापौर कक्ष में आयोजित होती थी। जिसमें बार-बार कुर्सी तथा टेबल को बैठक के दिन सेट करना पड़ता था। परन्तु महापौर ने अब एमआईसी बैठक के लिये पृथक से व्यवस्था कराई है , जिससे अब बैठक आसानी से हो पायेगी।